उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्या :: **60 /16/E-03/DR(RO/ARO)/2023-24** दिनांक :: 25 जुलाई, 2024

निस्तारण आदेश

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कि उत्तराखण्ड सचिवालय/उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग/राजस्व परिषद कार्यालय में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्याः A-1/E-3/DR(RO/ARO)/2023 दिनांक 08 सितम्बर 2023 के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों में से विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा डाक/ई–मेल के माध्यम से विभिन्न प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में प्रस्तुत किये गये थे, उक्त प्रत्यावेदनों पर मा0 आयोग द्वारा विचार किया गया । सम्यक् विचारोपरान्त मा0 आयोग द्वारा उक्त प्रत्यावेदनों को निम्नवत् निस्तारित किया गया है–

क्रम संख्या	अभ्यर्थी का नाम (श्री/श्रीमती/कु0) (अनुक्रमांक)	निस्तारण आदेश
1	प्रदीप सिंह पंवार	अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन दिनांक 28.05.2024 में समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–2023 की मुख्य परीक्षा में श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध के संबंध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्याः 374(1)/XXX(2)/2019-30(5)/2014, दिनांक 20 नवम्बर, 2019 के अनुपालन एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2(s) से आच्छादित किन्तु अधिनियम की धारा 2(r) से अवमुक्त अर्थात 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता धारित ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें लिखने में कठिनाई है, को श्रुतलेखक एवं अन्य सुविधा प्रदान किये जाने हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन किया जायेगा, जिसकी सूचना आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ससमय प्रदान की जायेगी। अतः उक्त के आलोक में अभ्यर्थी द्वारा प्रत्यावेदन में किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए प्रत्यावेदन निस्तारित कर दिया गया है।
2	आशुतोष महर	अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन दिनांक 17.02.2024 में किये गये अनुरोध कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र संख्या भारत सरकार वाले प्रमाण पत्र की डाल दी है, को अभिलेख सत्यापन के समय विचारित किया जायेगा। अतः उक्त के क्रम में अभ्यर्थी द्वारा प्रेषित प्रत्यावेदन को निस्तारित कर दिया गया है।

-Sd-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।